







# नायब तहसीलदार सविता राठौर पर एफआईआर की मांग

▸ परिजन और आदिवासी समाज ने किया मेडिकल कॉलेज में प्रदर्शन, नायब तहसीलदार राठौर को किया निलंबित



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/आलोट।** आलोट क्षेत्र के खजुरीदेवड़ा में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी की आत्महत्या के मामले में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्कालीन नायब तहसीलदार सविता राठौर को निलंबित कर दिया है। सुसाइड नोट और प्रारंभिक जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर कलेक्टर निशा सिंह ने यह निर्णय लिया। हालांकि इस कार्रवाई के बाद भी मामला शांत नहीं हुआ है और मृतक के परिजन व आदिवासी समाज एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर आंदोलनरत हैं।

मृतक पटवारी रविशंकर खराड़ी ने अपने सुसाइड नोट में आरोप लगाया था कि उन पर नक्शा बटांकन, मौका रिपोर्ट और पंचनामा जैसे दस्तावेजों में हेरफेर करने के लिए अनुचित प्रशासनिक दबाव बनाया जा रहा था। मामले की जांच के दौरान कलेक्टर द्वारा राजस्व प्रकरणों की मूल फाइलों की समीक्षा में गंभीर अनियमितताएं और राजस्व संहिता के उल्लंघन के संकेत भी मिले हैं, जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। संभागायुक्त के निर्देश पर जारी आदेश में सविता राठौर (तत्कालीन नायब तहसीलदार आलोट, वर्तमान पदस्थापना भू-संसाधन प्रबंधन कार्यालय) के कृत्य को 'मध्य प्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965' के विरुद्ध मानते हुए 'मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966' के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय एसडीएम कार्यालय रतलाम शहर निर्धारित किया गया है। इधर कार्रवाई के बावजूद परिजनों और आदिवासी समाज का आक्रोश कम नहीं हुआ। बुधवार को मेडिकल कॉलेज परिसर में बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होकर प्रदर्शन करते रहे और पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार, जिला पंचायत उपाध्यक्ष केशु निनामा सहित कई जनप्रतिनिधि और समाज के नेता मौके पर मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि सविता राठौर के खिलाफ तत्काल स्नह्नक्र दर्ज कर एसआईटी जांच कराई जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। करीब सात घंटे तक चले गतिरोध के बाद प्रशासन द्वारा सात दिन में पूरे घटनाक्रम की जांच कराने के आश्वासन पर परिजन पोस्टमार्टम के लिए राजी हुए। इस पूरे घटनाक्रम से राजस्व विभाग में हड़कंप की स्थिति है। प्रशासन का कहना है कि मामले की निष्पक्ष और सूक्ष्म जांच की जा रही है तथा पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ही निलंबन की कार्रवाई की गई है।

**एसआईटी जांच और एफआईआर हो, दोषियों पर सख्त कार्रवाई जरूरी**



सैलाना विधायक कमलेश्वर डोडियार ने पटवारी आत्महत्या मामले में दोषियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज करने और एसआईटी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि सुसाइड नोट और सामने आए तथ्यों से प्रशासनिक दबाव के संकेत मिलते हैं, जिसकी गहराई से जांच होनी चाहिए। विधायक ने चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

# नियमों का उल्लंघन करने पर नापतौल विभाग की कार्रवाई

▸ अपराध प्रकरणों में विभाग और कोर्ट ने लगाया अर्थदंड, निर्माता पर 1 लाख का जुर्माना

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह एवं नियंत्रक नापतौल मध्य प्रदेश भोपाल ब्रजेश सक्सेना के निर्देश पर जिले में नापतौल विभाग द्वारा दर्ज किए गए अपराध प्रकरणों में विभाग और न्यायालय ने कार्रवाई करते हुए संबंधित संस्थाओं पर अर्थदंड लगाया है।

सहायक नियंत्रक/निरीक्षक नापतौल भारत भूषण द्वारा पंजीबद्ध प्रकरणों में मै. राठौर स्वीट्स (नमकीन निर्माता-विक्रेता), मै. राधिका ज्वेलर्स (सोना-चांदी आभूषण विक्रेता) तथा मै. न्यू जायसवाल कृषि सेवा केन्द्र (कृषि दवाई विक्रेता) के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

इनमें से न्यू जायसवाल कृषि सेवा केन्द्र, पिपलोदा से जब्त की गई कृषि दवा 'मैक्वाट' के मामले में निर्माता एवं विपणनकर्ता कंपनी मै. ऑसिन एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बड़ोदरा (गुजरात) के खिलाफ पैकेज वस्तु नियमों के उल्लंघन का प्रकरण दर्ज किया गया। कंपनी द्वारा अपनी गलती स्वीकार करने पर नियंत्रक नापतौल मध्य प्रदेश ने उस पर 1 लाख रुपए का अर्थदंड लगाया, जिसे कंपनी ने जमा कर दिया। वहीं खुदरा विक्रेता सुभाष जायसवाल द्वारा गलती स्वीकार नहीं करने पर मामला मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, जिला न्यायालय रतलाम में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने सुनवाई के बाद 10 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया, जिसे मौके पर जमा कराने के बाद आरोपी को बरी कर दिया। इस कार्रवाई से जिले में नापतौल नियमों के पालन को लेकर सख्ती का संदेश गया है। विभाग ने व्यापारियों से नियमों का पालन करने की अपील की है, अन्यथा इसी तरह की कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## एक नजर में

### 'नवोदय विद्यालय आलोट की छात्रा दुर्विका झवर का युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में चयन

**आलोट।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय आलोट प्राचार्य शांतिलाल तेली ने बताया कि विद्यालय की कक्षा 10 वी की छात्रा दुर्विका नवीन झवर का इसरो द्वारा संचालित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में चयन हुआ है। दुर्विका को सतीश धवन स्पेस सेंटर श्री हरिकोटा में 10 मई 2026 से 2 सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें अंतरिक्ष विज्ञान, राकेट, सेटेलाइट के बारे में सिखाया जाएगा, साथ ही इसरो के मिशन, प्रयोगशाला गतिविधियां, वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कराया जाएगा। छात्रा दुर्विका की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्राचार्य शांतिलाल तेली, उप प्राचार्या सुचिता खुराना एवं समस्त शिक्षकों द्वारा हर्ष व्यक्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान की ।

### 25 को आधार सेवाओं के लिए विशेष अभियान

**रतलाम।** अधीक्षक डाकघर राजेश कुमावत ने बताया कि डाक संभाग के रतलाम, झाबुआ एवं अलीराजपुर जिले में 25 अप्रैल को आधार सेवाओं हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस नवाचार के अंतर्गत तीनों जिलों के समस्त डाकघर के आधार सेवा केंद्र 25 अप्रैल (शनिवार) को प्रात: 8 बजे से सायं 6 बजे तक खुले रहेंगे। इस एक दिवसीय अभियान के लिये ग्राहक पहले से ही अपने निकटम डाकघर के आधार सेवा केंद्र से टोकन प्राप्त कर सकते है। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस विशेष अभियान के माध्यम से अपने आधार पंजीयन/नवीनीकरण/अद्यतन करवाएं। डाक विभाग द्वारा रतलाम जिले में आलोट, जावरा, कालूखेड़ा, नामली, सैलाना, शिवपुर, रतलाम स्थित डाकघरों में, झाबुआ जिले में झाबुआ, मेघनगर, बामनिया, थांदला, पेटलावद एवं राणापुर के डाकघरों में तथा अलीराजपुर जिले में अलीराजपुर, जोबट स्थित डाकघरों में आधार सेवा केंद्र उपलब्ध है।

### स्व . पं .मोतीलाल दवे की स्मृति में वॉटर कूलर किया भेंट, लोगों को मिलेगा ठंडा पानी



**रतलाम।** श्री बद्रीनारायण सेवा ट्रस्ट द्वारा त्रिवेणी तट पर पं.रामचन्द्र डोंगरे महाराज की मूर्ति स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर पं. राजेश दवे परिवार द्वारा स्व. पं.मोतीलाल दवे की स्मृति में वॉटर कूलर भेंट किया गया। जिसका शुभारम्भ स्वामी सुधानंद , महर्षि संजय दवे के द्वारा शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र शर्मा, नवनीत सोनी, सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी, मनोहर पोरवाल, रमेश व्यास, पुष्पेन्द्र जोशी, मोहनलाल भट्ट, सुरेश दवे, हरिश सुरोलिया, मनोज शर्मा, सत्यनारायण पालीवाल, चेतन शर्मा, पं. रामचन्द्र शर्मा आदि उपस्थित थे।

### हार्ट अटैक का मरीज शासकीय अस्पताल में उपचार के बाद हो गया स्वस्थ


**रतलाम।** प्रदेश मे सरकार द्वारा शासकीय चिकित्सालयो के माध्यम से नि: शुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान की जा रही है। सरकार की नि:शुल्क सेवाओं की वजह से ही रतलाम जिले में हार्ट अटैक के मरीज को बचाने में सफलता मिली है। सिविल सर्जन डॉ एम एस सागर ने बताया कि मरीज विनोद सोलंकी जिला रतलाम में वार्ड बॉय के पद पर है, मरीज को 17 अप्रैल को जिला चिकित्सालय रतलाम की ओपीडी से गंभीर स्थिति में गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती किया गया। मरीज की ईसीजी जांच करने पर पता लगा की मरीज को दिल का दौरा पड़ा है। गम्भीर स्थिति को देखते हुए आई सी यू में मौजूद डॉ जीवन चौहान द्वारा मरीज को नि: शुल्क इंजेक्शन लगाया, जिसकी बाजार में कीमत 40 हजार रुपए है। गंभीर स्थिति में होने के कारण उसके जीवित रहने की संभावना बहुत कम थी, चिकित्सकीय सेवाओ एवं नि:शुल्क उपचार की वजह से मरीज की जान बचाई जा सकी ।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर धरती माता की पूजन

**जावरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 28 द्वारा पृथ्वी दिवस के अवसर पर धरती माता की पूजा अर्चना कर पुष्प चढ़कर पृथ्वी दिवस मनाया गया एवं पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ और पौधे रोपने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद के ब्लॉक समन्वयक युवराज सिंह पवार, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जन अभियान परिषद एवं अटल ग्राम सामाजिक विकास संगठन के अध्यक्ष अभय कोठारी, नवांकुर संस्था चित्रांश वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष शिवेंद्र माथुर, नगर विकास प्रस्फुटन समिति वार्ड 28 अध्यक्ष वीरेंद्रसिंह चौहान एवं सदस्यगण भारत हरोर, विनोद चौरसिया, बाबूलाल धनगर , दीपकसिंह सोलंकी, शाहिद भाई आदी उपस्थित रहे।

## बढ़ती गर्मी से निपटने के लिए 10 हजार पौधारोपण का प्रस्ताव

▸ पूर्व महापौर ने मंत्री और कलेक्टर को सौंपा सुझाव पत्र



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी से राहत के लिए बड़े स्तर पर पौधारोपण अभियान चलाने की मांग उठी है। पूर्व महापौर एवं भाजपा नेता शैलेन्द्र डागा ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप और कलेक्टर को विस्तृत सुझाव पत्र सौंपकर सुनियोजित हरित अभियान शुरू करने का आग्रह किया है।

पत्र में डागा ने बताया कि रतलाम पिछले कुछ वर्षों से अत्यधिक गर्म शहरों में शामिल होता जा रहा है। इस वर्ष तापमान 43-44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बढ़ती गर्मी, प्रदूषण और घटते हरित क्षेत्र को गंभीर चिंता का विषय बताया।

डागा ने प्रारंभिक चरण में कम से कम 10 हजार पौधों के रोपण का प्रस्ताव रखते हुए उनके संरक्षण पर विशेष जोर दिया है, ताकि वे वृक्ष के रूप में विकसित हो सकें और तापमान में कमी लाने के साथ पर्यावरण संतुलन बनाए रखें।

उन्होंने शहर के प्रमुख मार्गों, फोरलेन सड़कों, शासकीय भूमि और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को पौधारोपण के लिए उपयुक्त बताते हुए कई स्थानों का सुझाव दिया। साथ ही कहा कि हाल ही में विकसित इन मार्गों पर भविष्य में चौड़ीकरण की संभावना कम होने से पौधों का संरक्षण बेहतर हो सकेगा।

डागा ने वर्षा ऋतु से पहले अगले दो माह में अभियान चलाने, 'एक पौधा-एक जिम्मेदारी' मॉडल अपनाने तथा ट्री-गार्ड, सिंचाई और निगरानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। उन्होंने नगर निगम, पंचायतों, स्कूल-कॉलेज और सामाजिक संगठनों की भागीदारी से इसे जनआंदोलन बनाने का सुझाव भी दिया।

साथ ही स्थानीय जलवायु के अनुकूल और छायादार पौधों के चयन पर जोर देते हुए कहा कि इस पहल से तापमान में कमी, वायु गुणवत्ता में सुधार और शहर को हरित व सुंदर बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र कार्ययोजना बनाकर प्रभावी अमल करने का अनुरोध किया है।



## 33 फीसदी आरक्षण लागू न होने पर महिला कांग्रेस का प्रदर्शन, पीएम का पुतला फूंका

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** वर्ष 2023 में संसद द्वारा पारित 33 प्रतिशत महिला आरक्षण बिल को अब तक लागू नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार को शहर में महिला कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। गांधी नगर वार्ड क्रमांक-1 चौराहे पर प्रदेश उपाध्यक्ष यास्मीन शेरानी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान यास्मीन शेरानी ने कहा कि बिल पारित होने के बावजूद उसे लागू नहीं करना महिलाओं के साथ अन्याय है। उन्होंने सरकार से जल्द इसे लागू करने की मांग की। इस दौरान आशा रावत, भावना पेमाल, कविता महावार सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं। वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी भी प्रदर्शन में शामिल हुए।

## बाइक सवार ने कार को मारी टक्कर, चालक पर केस दर्ज

**रतलाम।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के कारण सड़क हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार घटना में बाइक चालक ने कार को टक्कर मार दी, जिसके बाद विवाद की स्थिति भी बनी। पुलिस ने शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया हैं।

पुलिस के अनुसार घटना 21 अप्रैल दोपहर करीब 12:20 बजे सेंट्रल बैंक के सामने हुई। फरियादी यशवंत कुमावत (42) निवासी नामली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 43 ई के 6456 का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए आया और उसकी कार को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद आरोपी ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पेट्रोल भरने के विवाद ने लिया झगड़े का रूप

**रतलाम/पिपलोदा।** पिपलोदा थाना क्षेत्र में पेट्रोल भरने को लेकर हुए विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार घटना 21 अप्रैल को नाका नंबर-1 स्थित एस्सार पेट्रोल पंप के पास हुई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी प्रहलाद जाट (27) निवासी जाट मोहल्ला पिपलोदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पेट्रोल केन में भरने से मना करने की बात पर आरोपी जुबेर और समीर कादरी ने उसके और उसके भाई राहुल जाट के साथ गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आदि शंकराचार्य जयंती पर धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** आदि शंकराचार्य जयंती के अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा, महारुद्र यज्ञ समिति एवं सर्व ब्राह्मण समाज के संयुक्त तत्वावधान में धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्वानों ने शंकराचार्य के योगदान पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय दर्शन का महान मार्गदर्शक बताया।

मुख्य वक्ता डॉ. खुशबू राठी ने कहा कि आदि शंकराचार्य विश्व के महान दार्शनिक और विचारक थे, जिन्हें 'जगतगुरु' के रूप में सम्मान मिला। उन्होंने चार धाम की स्थापना कर कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरे देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया, जिससे भारत की सांस्कृतिक एकता और अखंडता मजबूत हुई। सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष अनिल झालानी ने स्वागत भाषण में कहा कि शंकराचार्य केवल अद्वैत दर्शन के प्रवर्तक ही नहीं, बल्कि वैदिक धर्म के पुनरुद्धारक भी थे। अल्पायु में उन्होंने जो कार्य किए, वे अद्वितीय और प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर स्वामी सुजानंद एवं महर्षि संजय दवे ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में शंकराचार्य की छवि चित्र का विमोचन किया गया तथा समाज के सहयोगी सदस्यों को सम्मानित करने की पहल की गई। जयंती के अवसर पर मुकेश जोशी दंपति द्वारा अभिषेक कराया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। संचालन नरेंद्र त्रिवेदी ने किया, जबकि आभार मनोहर पोरवाल ने माना। अंत में आचार्य पंडित दुर्गाशंकर ओझा के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



## निगमायुक्त ने किया सफाई व्यवस्था का निरीक्षण

▸ अनुपस्थित 40 सफाई संरक्षकों को नोटिस

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर में चल रही सफाई व्यवस्था को जांचने निकले निगमायुक्त को 40 सफाई संरक्ष अनुपस्थित मिले। इस पर सभी को नोटिस जारी किया गया हैं। नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा करवाये जा रहे सफाई कार्य का निरीक्षण निगम आयुक्त अनिल भाना ने निर्देशित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। निगम आयुक्त अनिल भाना ने गांधी नगर, शिव नगर, मीरा कुटी, अमृत सागर तालाब, जमात खाने के पीछे का नाला, वार्ड 30 की नालियों, वार्ड 49 के सुविधाघर आदि की सफाई कार्य का निरीक्षण किया। सनसिटी कॉलोनी मे एस आर हाड़ा व नागरवास में अनस द्वारा कचरा एवं गंदगी करने पर 250-250 रूपये का जुर्माना किया। इसके अलावा सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान विभिन्न वार्डो में बिना सूचना के अनुपस्थित 40 सफाई संरक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर एक दिवस का वेतन काटा गया।

## वसिठा धोबी (रजक) समाज की नई कार्यकारिणी गठित









**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** रजक युवा संगठन जावरा के भंग होने के बाद वसिठा धोबी (रजक) समाज जावरा कि नई कार्यकारिणी गठित की गई। जिसमें वसिठा धोबी (रजक) समाज जावरा के अध्यक्ष पद पर कमल भीलवाडिया, उपाध्यक्ष रवि सांकला, कोषाध्यक्ष संजय बामनिया एवं सचिव धीरज मावर को सर्वानुमति से निर्विरोध मनोनीत किया गया।

अध्यक्ष कमल भीलवाडिया एवं उपाध्यक्ष रवि सांकला के नेतृत्व में कोषाध्यक्ष संजय बामनिया की मंशा से धोबी समाज जावरा की सामुहिक भोज (गोट) का आयोजन किया गया। जिसमें आशीर्वाददाता वरिष्ठजनों एवं नई कार्यकारिणी का पुष्पमाला से सम्मान किया गया। वरिष्ठजनों समाज बंधुओं ने धोबी समाज को हर क्षेत्र में अग्रणी रखने के लिए अपने अपने विचार समाज के सामने रखे उसके बाद सभी ने मिलकर भोजन ग्रहण किया। कायक्रम को सफल बनाने के लिए महिला मण्डल अध्यक्ष सीता मावर, पूर्वाध्यक्ष हरीश बामनिया एवं सचिव धीरज मावर ने समाजजन के प्रति आभार माना।

**एक नजर में** — मेंटेनेंस के नाम पर हो रही अघोषित बिजली कटौती, अघोषित बिजली कटौती बंद करने की मांग

## भीषण गर्मी में बिजली संकट, अघोषित कटौती से जनता बेहाल

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** भीषण गर्मी के चलते लोगों के हाल-बेहाल है। ऐसे में विद्युत कंपनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती के कारण समाज का हर वर्ग परेशान हैं। खासकर बुजुर्ग व बच्चे विद्युत की आंख मिचौली से असहनीय गर्मी झेलने को मजबूर है। यह बात बुधवार को यहां नवागत तहसीलदार सहदेव मोरे को ज्ञापन सौंपते हुए बिजली पीडित उपभोक्ता समिति के सदस्यों ने कही।

पत्र में कहा है कि झुलसाती गर्मी के बीच पंखे व कूलर ही तेज लपटों से बचाव हेतु नागरिकों की राहत का एकमात्र सहारा है। लेकिन बिजली विभाग द्वारा इस मौसम में भी 4 से 6 घण्टे विद्युत आपूर्ति ठप्प कर दी जाने से लोगों को पसीने से तरबतर होना पड रहा है। समिति के मुताबिक मेंटेनेंस के नाम पर बिजली कंपनी द्वारा अघोषित बिजली कटौती करने से दमे के मरीज वृद्धजनों को बेहद तकलीफ होने के साथ ही दुधमुंहे बच्चों को बिलखते देखा जा सकता है। मरीजों की कुछ दवाइयां फ्रिज में ही सुरक्षित रखी जा सकती है। ऐसी स्थिति में विद्युत सप्लाई घण्टों बंद रहने से दवाइयों के खराब होने की संभावना बनी रहती है। बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति ने आरोप लगाया कि मेंटेनेंस के नाम पर विद्युत विभाग मनमानी करते हुए लोगों को गर्मी के दिनों में कष्टप्रद स्थिति में जीने को विवश कर रहा है। विभाग का हेल्प डेस्क फोन नहीं उठाने को लेकर भी समिति ने नाराजगी जताई और कहा कि कम्पनी का कोई भी जिम्मेदार बिजली गुल होने की दशा में यह बताने को तैयार नहीं रहता है कि लाइट कब आएगी। समिति ने तहसीलदार को दिए पत्र में मांग की है कि विद्युत विभाग के जवाबदारों को तत्काल निर्देशित कर अघोषित बिजली कटौती बंद करवाई जाए। गर्मी को देखते हुए प्रात: 11 बजे से शाम 5 बजे के बीच बिजली आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रखी जाए। पत्र में चेतावनी दी गई है कि यदि अघोषित बिजली कटौती बंद नहीं की तो कम्पनी के खिलाफ आंदोलन होगा। पत्र की प्रतिलिपि कलेक्टर-एसडीएम को भी सौंपी।



**ये रहे मौजूद**

इस दौरान बिजली पीड़ित उपभोक्ता समिति के सुनील पोखरना, निलेश मेहता, एडवोकेट उबेद अंसारी, गुड्डू पठान, असलम मेव, अली जमान, जगदीश सोलंकी, मुकेश धाकड़, जीवन सेनी, आरडी धाकड़, रईस कुरैशी, मोहम्मद हुसैन उर्फ भुरु, सिकंदर मेव, फरीद हुसैन मेव, शाहरुख डेविड सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।